## महिलाएं बोलीः भाई-बहन का रिश्ता बहुत पवित्र

# रक्षाबंधन भाई बहन के अटूट प्रेम के साथ एक सांस्कृतिक त्यौहार और भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

रक्षाबंधन एक ऐसा त्योहार है जो भाई-बहन के प्यार और आत्मिक संबंधों को मजबूत बनाने के लिए मनाया जाता है। इस त्योहार पर, बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाती हैं और राखी बांधती हैं, जो उनके प्यार और सुरक्षा का प्रतीक है।

रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार को लेकर श्रीमती ममता गोयल, श्रीमती दिशा गुप्ता, श्रीमती राधिका नारंग, श्रीमती रानी सिंगला, श्रीमती संतोष गुप्ता, श्रीमती भावना मिड्ढा, श्रीमती सुमन बंसल, श्रीमती रजनी गुप्ता,श्रीमती सुनैना हंस, श्रीमती संगीता गुप्ता, श्रीमती काजल गोयल और श्रीमती टीना गर्ग ने बताया कि


तरावड़ी। रक्षाबंधन पर्व को लेकर बातचीत करती महिलाएं

रक्षाबंधन का संदेश बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भाई-बहन के प्यार और आत्मिक संबंधों को मजबूत बनाने में मदद करता है। यह त्योहार हमें अपने परिवार के महत्व को समझने और उनके साथ अपने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करता है।एक बार भगवान श्री कृष्ण ने अपनी पत्नी रुक्मिणी से कहा कि वह अपने भाई शिशुपाल को राखी बांधने के लिए कहें। रुक्मिणी ने ऐसा ही किया और शिशुपाल को राखी बांधने के लिए कहा। शिशुपाल ने रुक्मिणी की बात मानी और भगवान श्री कृष्ण को राखी बांधी, बाद में जब भगवान श्री कृष्ण ने शिशुपाल को युद्ध में मारा, तो उन्होंने कहा कि उन्होंने शिशुपाल को इसलिए मारा क्योंकि उसने उनकी बहन की बात मानी थी और उन्हें राखी बंधवाई थी, लेकिन शिशुपाल के पापों का घड़ा भर गया था। भगवान श्री कृष्ण ने अपनी भाभी द्रौपदी की लाज रखी थी, जब उसने अपनी साड़ी का एक हिस्सा भगवान श्री कृष्ण को दिया था, जब वह चीर हरण के समय अपनी साड़ी को बढ़ाने के लिए भगवान श्री कृष्ण को पुकार रही थी। भगवान श्री कृष्ण ने द्रौपदी की लाज रखी और उसकी साड़ी को बढ़ाया। रक्षाबंधन के त्योहार पर भगवान श्री कृष्ण से जुड़ी ये कथाएं हमें भाई-बहन के प्यार और आत्मिक संबंधों के महत्व को समझने में मदद करती हैं। भगवान श्री कृष्ण की इन कथाओं से हमें यह भी सीखने को मिलता है कि भाई-बहन के रिश्ते में प्यार और आत्मिक संबंधों का कितना महत्व है। रक्षाबंधन एक ऐसा त्योहार है जो भाई-बहन के प्यार और आत्मिक संबंधों को मजबूत बनाने में मदद करता है।

यह त्योहार हमें अपने परिवार के महत्व को समझने और उनके साथ अपने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करता है।रक्षाबंधन का आध्यात्मिक महत्व भी है, क्योंकि यह भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत बनाने में मदद करता है और उनके बीच के प्यार और आत्मिक संबंधों को बढ़ावा देता है।रक्षाबंधन पर भाई-बहन के लिए सबसे बड़ी सीख यह है कि भाई-बहन का रिश्ता बहुत ही पवित्र और आत्मिक होता है। इस रिश्ते में प्यार, विश्वास और सहयोग का बहुत महत्व है।

### भाई-बहन के प्रेम में रक्षाबंधन का विशेष महत्व

रक्षाबंधन एक ऐसा त्योहार है जो भाई-बहन के प्यार और आत्मिक संबंधों को मजबूत बनाने में मदद करता है। इस त्योहार का महत्व बहुत अधिक है, क्योंकि यह भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत बनाने में मदद करता है और उनके बीच के प्यार और आत्मिक संबंधों को बढ़ावा देता है। रक्षाबंधन परिवारिक बंधनों को मजबूत बनाने में मदद करता है और परिवार के सदस्यों के बीच के प्यार और आत्मिक संबंधों को बढ़ावा देता है। रक्षाबंधन एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक त्योहार है जो भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## खबर संक्षेप




### कच्चे धागों से बनी पक्की डोर है राखीः प्राचार्या

**तरावड़ी।** एसएमएस पब्लिक स्कूल तरावडी में रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रार्थना सभा में रक्षाबंधन का महत्व कहानियों के माध्यम से बच्चों को समझाया गया । विभिन्न छात्र छात्राओं द्वारा रक्षाबंधन से सम्बंधित कहानिया प्रस्तुत की गई , जिसका लक्ष्य बच्चों में सामाजिक मूल्यों और रिश्तों की समझ विकसित करना था । विद्यालय की छात्राओं ने अपने सहपाठी छात्रों की आरती उतारी और उन्हें राखी बांधकर उनकी सुरक्षा का वचन लिया। साथ ही, अपने भाइयों की दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नन्हें मुन्ने छात्र -छात्राओं ने रक्षाबंधन से संबंधित कविता वाचन किया और सबका मन मोह लिया ।बच्चों ने राखी व रक्षाबंधन के कार्ड बनाए जो आकर्षण का केंद्र रहे।

## घरौंडा के पीडब्लूडी विश्राम गृह में रखा गया जन सुनवाई कार्यक्रम

# विधानसभा अध्यक्ष ने सुनीं आमजन की समस्याएं, मौके पर किया समाधान

हरविन्द्र कल्याण ने दो घंटे से अधिक समय तक घरौंडा के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में लोगों से परेशानी जानी



घरौंडा के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

जन सुनवाई कार्यक्रम की श्रृंखला के तहत शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने दो घंटे से अधिक समय तक घरौंडा के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए।

घरौंडा हलके के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग समस्याओं को लेकर सुबह नौ बजे ही रेस्ट हाउस में पहुंच गए। विधानसभा अध्यक्ष ने एक-एक कर सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग के अधिकारी को उनके निपटारे के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बालाजी मंदिर छपरा से सेक्टर 32-33 तक रास्ते और रसूलपुर वासियों ने नहर पर चले रहे निर्माण कार्य को तेजी से पूरा कराने की मांग की। घरौंडा वार्ड 15 के लोगों ने कच्ची गलियों को पक्का बनवाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि बारिश में कच्ची गलियों में कीचड़ भरने के कारण उनसे गुजरना कठिन हो जाता है। फूसगढ़ के लोगों ने गांव के मिडल स्कूल को अपग्रेड कर हाई बनवाने की मांग की। कहा कि हाई स्कूल के अभाव में बच्चों को कई किमी दूर शहर के स्कूलों में मजबूरन जाना पड़ता है। कोहंड के लोगों ने अलीपुर रोड पर गली पक्की कराने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सभी की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को इसके संबंध में निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, नगर पालिका सचिव रवि प्रकाश शर्मा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ रवींद्र सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बिजली से हुई मौत की जांच करने की मांग

ग्रामीणों ने अहमदपुर गांव में खेतों में बिजली की लटकती तारों के कारण हुई मौत के मामले की जांच कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि खेत में बिजली की तारों की ऊंचाई कम होने के कारण करंट से राजेश की मौत हो गई थी। उन्होंने इसके लिए घटना की जांच की मांग की। कैमला के लोगों ने कहा कि सामुदायिक केंद्र के अभाव में उन्हें सामाजिक व धार्मिक आयोजनों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से नया सामुदायिक केंद्र अविलंब बनवाने की गुहार लगाई।


इंद्री के गांव जोहड़ माजरा में पौधारोपण करते आयोजक ।

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत लगाए पौंधे

**इंद्री।** माई युवा भारत करनाल द्वारा राज्य युवा अवार्डी नीरू देवी और राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रवीना की अध्यक्षता में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन इंद्री के गांव जोहड़ माजरा में किया गया। जिसके तहत 310 पौधे बांटे व लगाएं गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सचिव अनिल कुमार और सरपंच दीपक पाल ने शिरकत की। ग्राम सचिव अनिल कुमार और सरपंच दीपक पाल ने बताया कि आने वाली पीढियों के लिए हरा भरा, स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए पौधे लगाना जरूरी है। पेड़ पौधों के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रवीना और राज्य युवा अवार्डी नीरू देवी ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ किया गया था। जिसका उद्देश्य पर्यावरण के संरक्षण और मां के प्रति भावनात्मक लगाव को दर्शाता है।

# कुरुक्षेत्र में सीएम आवास घेरने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को प्रदेशभर में किसानों ने विरोध प्रदर्शन कर सरकार को चेतावनी दी। करनाल में भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) के बैनर तले सैकड़ों किसान सेक्टर-12 हुडा मैदान में इकट्ठा हुए।

सभा की अध्यक्षता यूनियन प्रधान छत्रपाल सिंह जयसिंहपुर ने की, जबकि संचालन बहादुर मेहला बलड़ी ने किया। सभा में निर्णय लिया गया कि सरकार ने अगर किसानों की लंबित मांगों पर 31 अगस्त तक ठोस कार्रवाई नहीं की,




**करनाल।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

तो 1 सितंबर को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए बहादुर मेहला ने कहा कि खाद वितरण में पोर्टल की अनिवार्यता तुरंत खत्म की जाए, ताकि किसानों को बिना इंटरनेट बाधा के खाद मिल सके। जगदीप ओलख ने धान की खरीद 15 सितंबर से शुरू करने की मांग रखी। ज्ञापन में धान पर मिलरों के 'नाम पर कट' को रोकने, फिजी वायरस से प्रभावित किसानों को स्पेशल गिरदावरी के बाद मुआवजा देने, एमएसपी की कानूनी गारंटी, नकली बीज और कीटनाशकों पर रोक, नहरों और ड्रेनों की सफाई, ट्यूबवेल कनेक्शन प्रक्रिया सरल करने, स्मार्ट मीटर योजना वापसी और फसल बीमा में पारदर्शिता लाने जैसी मांगें शामिल थीं। सभा में सतपाल चहल, राममेहर नंबरदार, राजबीर, समय सिंह संधू, सुखविंद्र झब्बर, अमनदीप सिंह बब्बर, अमृतपाल बुग्गा, शम्मी विर्क, चरणजीत, परमजीत विर्क, हैप्पी ओलख और बूटा सिंह दरड़ ने भी अपने विचार रखे।

# घर में देर रात अचानक लगी आग से हड़कंप, गृह स्वामी का लाखों का नुक्सान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गांव पधाना के रहने वाले विक्रम सिंह उर्फ पप्पू के घर में वीरवार देर रात अचानक लगी आग से हडक्रंप मच गया। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही पलों में पूरे घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की वजह का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। राहत की बात यह रही कि घर में सो रहे सभी सदस्य समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए और एक बड़ा हादसा टल गया। परिवार के मुख्य विक्रम सिंह उर्फ पप्पू के अनुसार रात करीब 1 बजे के करीब जब पूरा परिवार एक कमरे में सो रहा था, तभी अचानक दूसरे कमरे से जलने की बदबू और धुआं महसूस हुआ। जब जाकर देखा गया तो कमरे में रखा सारा सामान आग की लपटों में घिरा हुआ था। घरवालों ने शोर मचाया और आसपास के लोगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस आगजनी में कपड़े, पेटियां, अटैचियाँ, जमीन के जरूरी कागजात, रजिस्ट्रियां, सोने-चांदी के जेवरात, फर्नीचर और बैड आदि पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। पीड़ित परिवार के अनुसार, यह सामान उन्होंने वर्षों की मेहनत से इक_ा किया था। आग ने न सिर्फ उनकी संपत्ति को लील लिया बल्कि उनकी भावनाओं और भविष्य की उम्मीदों को भी गहरा आघात पहुंचाया है।


तरावड़ी। आग लगने के बाद जला पड़ा सामान। फोटो : हरिभूमि



प्रताप पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया तरावड़ी 8 अगस्त (राजकुमार खुराना)। प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में रक्षाबंधन का पर्व पारंपरिक उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय का माहौल भाई-बहन के स्नेह और अपनत्व से सराबोर रहा। प्री-प्राइमरी विंग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। नन्ही बच्चियां रंग-बिरंगी राखियां लेकर आईं, वहीं छोटे भाई अपनी बहनों के लिए उपहार स्वरूप चॉकलेट लाए। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और भाइयों ने उन्हें चॉकलेट भेंट कर इस पवित्र बंधन को और मजबूत किया। अध्यापिकाओं ने बच्चों को रक्षाबंधन से जुड़ी कथा सुनाकर उन्हें इस त्योहार के महत्व और सांस्कृतिक संदेश से अवगत कराया। विद्यालय के चेयरमैन हन्नी चौधरी, निर्देशिका पिथी चौधरी तथा प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने

## धरती को हराभरा बनाने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना जरूरी

# सीतामाई में जिला स्तरीय वन महोत्सवः 1000 पौधों का रोपण, 'एक पेड़ मां के नाम' को मिला ग्रामीणों का साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शुक्रवार को सीतामाई गांव में आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव में 1000 से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पेड़ जीवन के लिए उतने ही जरूरी हैं जितनी हवा और पानी, और हर नागरिक को एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में




असंध विधायक योगेंद्र राणा, निलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी, जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा, वन मंडल अधिकारी पवन कुमार, एसडीओ वन विभाग कुलदीप सिंह, ग्राम पंचायत सीतामाई सरपंच महेंद्र सिंह, पूर्व सरपंच बलवान सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश नंबरदार, महिला मंडल अध्यक्षा प्रमिला देवी, युवा मंडल अध्यक्ष रवि कश्यप, और स्कूल प्रिंसिपल सुमित्रा शर्मा मंच पर मौजूद रहे। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि हम अपनी माताओं के सम्मान में पौधे लगाएं, ताकि यह धरती भी हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए मां की तरह जीवनदायिनी बनी रहे। 'एक पेड़ मां के नाम' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक भावना है जिसे हर गांव तक पहुंचाना है।

## न्यूज डायरी




### श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर में बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन

तरावड़ी। श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर में रक्षाबंधन के पर्व को विद्यार्थियों द्वारा रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए राखी बनाओ प्रतियोगिता(मेकिंग कंपटीशन) का आयोजन हुआ। जिसमें छात्राओं ने विशेष उत्साह दिखाया । विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मौके पर छात्राओं ने अपने छात्र भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर आरती उतारी तिलक लगाया और मिठाई खिलाई । बदले में छात्र भाइयों ने भी अपनी छात्रा बहनों को आशीर्वाद स्वरूप मिष्ठान व उपहार प्रदान किए। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर राकेश शर्मा जी ने त्योहार के धार्मिक,सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर अपने विचार साझा किए।



### फैशन शो में डॉ. सुमन सुलेख बनीं मिसेज करनाल

**करनाल।** कृष्णा फाउंडेशन द्वारा मन्नत होटल में आयोजित भव्य फैशन शो में करनाल की महिलाओं और युवतियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में डॉ. सुमन सुलेख ने मिसेज करनाल का खिताब जीता, जबकि मिस करनाल का खिताब अक्षिका के नाम रहा। कार्यक्रम में ब्रांड एंबेसडर मोनिका गोस्वामी, मुख्य अतिथि हरप्रीत देओल, निर्णायक मंडल में ईशा चौधरी और प्रधानाचार्या श्रीमती सविता कपूर शामिल रहीं। डांस की जज रीति तनेजा थीं। कार्यक्रम के स्पॉन्सर जीसी ज्वैलर्स के हरप्रीत बेदी थे। एंकरिंग केपी अग्रवाल और मधुमिता ने की। विशिष्ट अतिथियों में अरुण अत्री, नम्रता अत्री, नरेंद्र वर्मा, हरविंदर कांग, नीलू गुलाटी आदि रहे।



### रक्षाबंधन प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

**करनाल।** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बाल भवन के ब्यूटी केयर, फैशन डिजाइनिंग, सिलाई और कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्रों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। निर्णायक मंडल में संतोष बक्शी, अंजू शर्मा और सुनीता पसरीचा रहीं। प्रतियोगिताओं में मेहंदी में प्रथम तमन्ना, द्वितीय नेहा, तृतीय मोनिका रहीं। हेयर स्टाइल में प्रथम तनु, द्वितीय सोनी, तृतीय कशिश और फैशन डिजाइनिंग में प्रथम आरजू, द्वितीय मोनिका, तृतीय मनीषा रहीं। विजेताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



### तिरंगा यात्रा निकालेगा हिंद एंटी क्राइम ऑर्गेनाइजेशन

**करनाल।** हिंद एंटी क्राइम ऑर्गेनाइजेशन की ओर से 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा महात्मा गांधी चौक से शुरू होकर शहीद स्मारक पर समाप्त होगी, जहां शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। संगठन की बैठक सेक्टर-12 स्थित कार्यालय में हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान एडवोकेट सुरेश खन्ना ने की। राष्ट्रीय प्रधान प्रवीण डाबरा ने कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की और अधिक से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में लाजपत राय, एसएम कुमार, कुंदनलाल शर्मा, लाजपत चुचरा और नरिंद्र चौधरी मौजूद रहे।




### डाइट शाहपुर में पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**करनाल।** डाइट शाहपुर में कक्षा अवलोकन आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। पी.ओ.सी. प्रवीन भौरिया ने बताया कि यह प्रशिक्षण दो दिन ऑनलाइन और तीन दिन ऑफलाइन आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण एससीआरटी गुरुग्राम की निगरानी में हुआ, जिसमें शिक्षण पद्धति सुधार, 'नो एलिमिनेट' सिद्धांत और 29 मुख्य व्यवहारों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें कुल 79 बीआरपी और एबीआरसी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. मीना कुमारी, वरिष्ठ व्याख्याता सुरेश कुमार, व्याख्याता पूजा रानी, और संपर्क अधिकारी राकेश कुमार मौजूद रहे।



### 'हर घर तिरंगा–हर घर स्वच्छता' कार्यक्रम आयोजित

**करनाल।** ग्राम पंचायत ऊंचा समाना में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में 'हर घर तिरंगा–हर घर स्वच्छता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीपीएम (स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण) राजकुमार संधू ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि घर, गली और मोहल्लों में सफाई रखना हर नागरिक का कर्तव्य है राष्ट्रीय अवॉर्डी सूबा सिंह ने बच्चों को नशा मुक्त जीवन जीने और स्वच्छता अपनाने का संकल्प दिलाया। मौके पर ग्राम सरपंच राजेश कुमार, विद्यालय प्राचार्य अनीता शर्मा, पीटीआई अनिल मलिक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना देवी, और महिला मंडल अध्यक्ष रेखा देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### बाल अधिकार एवं संरक्षण पर जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज़ करनाल जिला बाल संरक्षण इकाई, करनाल ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, घोघड़ीपुर में एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर में जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी ने पॉक्सो एक्ट 2012 के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ यौन शोषण एक गंभीर अपराध है, जिसके लिए कठोर सजा का प्रावधान है। बाल कल्याण समिति सदस्य निरुपमा ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 और इसके दंडात्मक प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है।

## खबर संक्षेप

### विजय शेखर ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**समालखा।** विधायक मनमोहन भड़ाना के प्रतिनिधि विजय शेखर ने वैश्य कॉलेज नई अनाज मंडी समालखा में आए हुए सैकड़ो लोगों की समस्याएं सुनकर समस्याओं से संबंधित अधिकारी को फोन करके समाधान कराया। विजय शेखर ने बताया की आज के कार्यक्रम में विधायक मनमोहन भडाना को आना था लेकिन उनकी तबीयत खराब होने के कारण वह नहीं आ पाए तथा इस कार्यक्रम में मेरी जिम्मेदारी लगायी थी। लोगों को एकदम से कार्यक्रम रद्द होने से बचने वाली परेशानी के चलते यह कदम उठाया गया। जिसमें लोगों ने बिजली पानी सडक़े आदि से संबंधित थी। विजय शेखर ने सभी लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करा।

### सत्यम स्कूल में मनाया रक्षाबंधन पर्व

**बापौली।** जलालपुर प्रथम गांव के सत्यम पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। इस दौरान छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधी और मिठाई खिलाई। वहीं छात्रों ने उनकी रक्षा का वचन दिया। प्रधानाचार्य सत्यवान शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक होता है। इस पर्व पर बहनें अपने भाई के माथे पर टीका और आरती उतारते हुए कलाई पर राखी बांधती हैं। राखी बांधते समय बहनें भगवान से भाईयों की लंबी और सेहतमंद आयु, सुख.समृद्धि, धन व वैभव की कामना करती हैं। इस मौके पर कार्यक्रम इंचार्ज प्रियंका लाकडा, रेनू रावल, प्रियंका, पूजा, स्वीटी, शालू, काजल व मोनू आदि मौजूद रहे।

### वृंदावन ट्रस्ट ने मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

**पानीपत।** वृंदावन ट्रस्ट ने मॉडल टाउन स्थित राजकीय अंध विद्यालय में आज रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। ट्रस्ट के सदस्यों ने बच्चों को राखी बांधी और उन्हें मिठाई खिलाई। बच्चों ने भी ट्रस्ट के सदस्यों को राखी बांधी और उनके साथ मिलकर त्योहार मनाया। ट्रस्ट के प्रधान राकेश बंसल, महासचिव हरीश बंसल, कोषाध्यक्ष नवीन गर्ग, ट्रस्टी संजय गोयल, ट्रस्टी बलदेव गांधी ने बताया कि यह त्योहार भाई.बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। प्रिंसिपल मनीष जैन ने बताया कि यह ट्रस्ट समय समय पर सहायता भी करते हैं। अनीता, अन्नू, ज्योती, सोनिया, पलक, मंच्छू, सोनी, खुशबु, गरिमा, सुनीता, रितिका आदि मौजूद रहे।

### जलालपुर के पीएमश्री में राखी प्रतियोगिता आयोजित

**बापौली।** जलालपुर प्रथम स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन राखी उत्सव की पूर्व संध्या पर किया गया। सह शैक्षणिक गतिविधि प्रभारी डॉ.हितेश चंद शर्मा ने बताया कि कक्षा 6 से 12 तक 35 प्रतिभागियों ने विद्यालय स्तरीय राखी मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें से प्रथम निधि, द्वितीय प्रिया शर्मा, तृतीय दीक्षा रही। विजेताओं सहित कुल पंद्रह पुरस्कार बच्चों के मनोबल एवं उनकी रचनात्मक प्रवृति को बढ़ावा देने के लिए डा. हितेश ने पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल में प्रवक्ता सोनू, नीलम, सविता संस्कृत, मोनिका शामिल रहे व विजेताओं के नाम घोषित किए।

## एसडी कॉलेज में राखी बनाओ व मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

# बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और लंबी उम्र की कामना की

प्रतियोगितायों में लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर राखी बनाने और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कमर्शियल आर्ट और गृह विज्ञान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इन प्रतियोगितायों में लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। नई पहल के तौर पर इस बार कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम वर्ष की छात्राओं ने किया। छात्राओं का उत्साहवर्धन प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने किया। मेहंदी प्रतियोगिता का शीर्षक मेहंदी लगाओ, पर्यावरण बचाओ रहा। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ.मोनिका खुराना, प्रो.तन्नू मेहता और प्रो.निधि ने निभाई। विजेताओं को नकद पुरस्कार और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि रक्षा बंधन का त्यौहार पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों और रिश्तों को मजबूत करने वाला त्यौहार है। कॉलेज की छात्राओं एवं प्राध्यापिकाओं को पहले से इस भावनात्मक त्यौहार के प्रति जागरूक करना ही इस प्रकार के आयोजनों को मनाने का ध्येय है। डॉ.मोनिका खुराना ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के बीच प्रेम, स्नेह और सुरक्षा के बंधन को मजबूत करता है। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं।



पानीपत। प्रतियोगिता के विजेताओं से साथ प्राचार्य डा.अनुपम अरोड़ा साथ हैं हरीश अरोड़ा व अन्य। फोटो: हरिभूमि



पानीपत। आईबी कालेज में योग करती शिक्षिका व विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### आईबी कालेज में विशेष योगा सत्र का आयोजन

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जीव विज्ञान एसोसिएशन द्वारा विभाग के विद्यार्थियों के लिए विशेष योगा क्लास का आयोजन किया गया। प्राचार्या डा.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि आज के समय में योग सभी के लिए अनिवार्य है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है। यह एक संपूर्ण जीवन शैली है। योग से शरीर, मन और आत्मा का संतुलन बनता है। डॉ.निधान सिंह विभाग अध्यक्ष वनस्पति विज्ञान ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सच्चा धन है। प्रो.पवन कुमार विभाग अध्यक्ष प्राणी शास्त्र ने कहा कि योग से जीवन व्यवस्थित व अनुशासित रहता है। प्रो.नीलम थरेजा जो कि स्वयं एक प्रशिक्षित योग निर्देशिका है ने विभिन्न योग जैसे सूर्य नमस्कार, भद्रासन, उष्ट्रासन, मंडूकासन, सेतुबंधासन व ताड़ासन आदि के बारे में न सिर्फ बताया अपितु सभी छात्र छात्राओं को विभिन्न आसन करवाये व उनके लाभ भी बताये। इस अवसर पर प्रो.अंजू , प्रो.रजनी, प्रो.स्वाति व शालू आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों ने बांधी पेड़ों को राखी

- बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

जैन किड्स स्कूल में आज रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने अपनी सहपाठिन बहनों को राखी बांधी और उनकी रक्षा का वचन दिया। वहीं बच्चों ने प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय देते हुए पेड़ों को भी राखी बांधी। उन्होंने पेड़ों की देखभाल करने, उन्हें नियमित रूप से पानी देने और उन्हें हरा-भरा रखने का संकल्प लिया। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। प्रिंसिपल मोनिका सहगल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास होता है और वे अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनते हैं। स्कूल सचिव मनोज जैन ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में नैतिक मूल्यों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



पानीपत। राखी पर्व कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थी प्रधानाचार्य मोनिका सहगल।

# भारत स्काउट्स एंड गाइड्स डायरेक्टर को तुलसी भेंट की

- नेशनल लेवल ऑग्रेनाइजेशन कोर्स के समापन पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत नेशनल हेडक्वार्टर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स नई दिल्ली प्रांगण में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स डायरेक्टर दर्शना पावसकर और समस्त से पौधरोपण करवाया गया। राज्य संगठन आयुक्तों एवं जिला संगठन आयुक्तों स्काउट्स एंड गाइड्स का राष्ट्रीय स्तर का संगठन शिविर के समापन पर यह पौधरोपण हरियाणा के पानीपत से डीओसी हरिओम द्वारा कराया गया।

जिसमें एस प्रसन्ना वास्तव विश्व स्काउट्स ब्यूरो, बीएसजी के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त कार्यालय के सचिव एवं विशेष कार्यक्रम निदेशक अमर बी छेत्री, कार्यकारी निदेशक और राष्ट्रीय मुख्यालय के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। ये शिविर अरुप सरकार उप निदेशक स्काउट्स अनलेद्र शर्मा सहायक निदेशक युवा कार्यक्रम के नेतृत्व में आयोजित हुआ। नेशनल लेवल ऑग्रेनाइजेशन कोर्स में हरियाणा राज्य प्रशिक्षण आयुक्त एल एस वर्मा के नेतृत्व में हरियाणा टीम ने भारत स्काउट्स एंड गाइड्स डायरेक्टर को तुलसी भेंट की।

### सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**पानीपत।** सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह एग्जाम उन स्टूडेंट्स के लिए है जो लॉ एजुकेशन में भविष्य बनाना चाहते हैं।

एसएलएटी एग्जाम की तारीख 20 दिसंबर 2025 और 28 दिसंबर 2025 तय की गई हैं। एसएलएटी एग्जाम का आयोजन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल डीम्ड यूनिवर्सिटी द्वारा किया जाता है। एसएलएटी 2026 रजिस्ट्रेशन और पेमेंट प्रक्रिया 30 नवंबर 2025 को बंद हो जाएगी। आवेदकों को किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से बारहवीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों या समकक्ष ग्रेड के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए।

# वामपंथियों ने जलाया पीएम का पुतला

- मांगों को लेकर सुमन वडेरा तहसीलदार पानीपत के माध्यम से लिखित ज्ञापन भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

वामपंथी पार्टियों के आह्वान पर केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली मोदी सरकार द्वारा जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों पर किए जा रहे हमलों के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते हुए मोदी सरकार का पुतला दहन कर देश की राष्ट्रपति भारत सरकार नई दिल्ली के नाम जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करने और अन्य मांगों को लेकर सुमन वडेरा तहसीलदार पानीपत के माध्यम से लिखित ज्ञापन पत्र भेजा गया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जीटी रोड संविधान चौक के पास प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन कर अपना रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन का नेतृत्व माकपा के जिला सचिव डॉ.सुरेंद्र मलिक, राज्य कमेटी सदस्य सुनील दत्त, जिला कमेटी सदस्य राजपाल, जय भगवान, राजेंद्र छोकर, इसराना ब्रांच सचिव दयानंद शर्मा, भाकपा जिला सदस्य सेवा सिंह मलिक, खेत मजदूर नेता अंग्रेज सिंह, किसान नेता दिलावर सिंह राठी, गुलाब सिंह, कंवर सिंह छौक्कर, मजदूर संगठन सीटू के नेता सुशीला, बंटी, राजू डाहर आदि ने किया।




पानीपत। वामपंथी पार्टियों के कार्यकर्ता पीएम मोदी का पुतला फूंकते हुए।

# जड़ी बूटियों से हो सकता है असाध्य रोगों का उपचार

- श्री देवी मंदिर योग कक्षा में जड़ी बूटी दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

श्री देवी मंदिर योग समिति की ओर से पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज श्री देवी मंदिर योग कक्षा में जड़ी बूटी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दैनिक योग क्रिया से किया गया। कार्यक्रम के संयोजक पतंजलि योग हरिद्वार तहसील प्रभारी बलवान सिंह ने जड़ी बूटी पौधे में गिलोय, तुलसी, एलोवेरा व फलों में आम, अमरूद आदि के औषधीय गुणों के लाभ पर प्रकाश डाला व समस्त साधकों को निःशुल्क फलों के पौधे वितरित किये। कक्षा के मुख्य योग शिक्षक प्रवीण गोयल ने बताया की हमारे ऋषि मुनि जड़ी बूटी से असाध्य रोगों तक का इलाज करते थे व जामुन खाने के लाभ भी साधकों को बताये। योग शिक्षिका सुमन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ पत्रकार व योग शिक्षक राममेहर कौशिक बताया की आज हम सब को संकल्प लेने की जरूरत है हम अपने पेड़, पौधे, वनस्पति तथा जड़ी बूटियां को संरक्षित रखेंगे। इस अवसर पर बलवान सिंह, ताराचंद सैनी, प्रवीण गोयल, कमल नागपाल, हितेश मिगलानी, रेणु नागपाल, रजनी, सुमन व दुर्गा विशेष रूप से उपस्थित रहे।



पानीपत। योग साधकों को औषधीय पौधे वितरित करते हुए योग शिक्षक । फोटो: हरिभूमि




समालखा। विजेता खिलाडियों के साथ प्राचार्या अलोना सिंगला व अन्य।

### ब्लाक के खेलों में छाए एमएएस के विद्यार्थी

**समालखा।** नई अनाज मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन स्कूल के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तर पर विभिन्न खेलों में अपना दमखम दिखाया। जिसमें बैडमिंटन अंडर 17 में प्रथम स्थान, रेसलिंग में 45 किलो में प्रथम स्थान, कराटे 55 किलो में प्रथम स्थान और खो-खो अंडर 19 में तृतीय स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स में अंडर 19 में निखिल ने 200 मीटर में तीसरा, प्रिंस ने 400 मीटर में व मनन कुहाड़ ने 100 मीटर में तीसरा, शॉट पुट में प्रियांशु ने तीसरा स्थान हासिल कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। कोच प्रवीण दहिया की मेहनत से बच्चों का अच्छा प्रदर्शन रहा। प्रबंधन समिति के प्रधान शिव गर्ग, उप प्रधान गौतम गर्ग, मैनेजर धीरज मित्तल, सेक्रेटरी प्रदीप कुमार, कैशियर प्रदीप मित्तल तथा स्कूल की प्राचार्या अलोना सिंगला ने कोच प्रवीण दहिया तथा विजित छात्रों को बधाई तथा शुभकामनाएं दी।

# पुलिसकर्मियों को राखी बांधी

- उनकी सलामती व लंबी उम्र की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

भाजपा प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता आज रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के लिए पुलिस लाइन पहुंची। जहां उन्होंने पुलिस कर्मचारी व अधिकारियों को रक्षा सूत्र राखी बांधी तथा उनकी सलामती व लंबी उम्र की कामना की। डॉ.अर्चना गुप्ता ने अपने सन्देश में कहा कि भारतीय पर्व समाज को उल्लास से ही नहीं भरते अपितु प्रत्येक पर्व एक विशेष सन्देश भी देता है। रक्षाबंधन भाई बहन के पवित्र पावन निश्छल प्रेम का पर्व है। डा.अर्चना गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण का सन्देश देते हुए कहा की बहनें इस पर्व पर अपने आँगन में एक पौधा अवश्य लगाएं। वहीं मेयर कोमल सैनी ने भी पुलिस कर्मचारियों को राखी बांधी तथा कहा कि भाई बहन इस पर्व को एक दूसरे स्नेह के रूप मनाते हैं। उन्होंने कहा की पुलिस सदैव एक भाई की तरह बहनों की रक्षा करती है। इसलिए पुलिस कर्मचारियों को रक्षा सूत्र बांधना अति स्नेह पूर्णअनुभूति है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा नेहा शर्मा ने भी पुलिस कर्मचारियों को राखी बांधी। इस अवसर पूर्व मेयर अवनीत कौर, भाजपा प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा सुनीता गोयल, अनीता चावला, भावना जैन एवं डा.हेमा रमन आदि ने भी पुलिस कर्मचारियों को राखी बांध कर रक्षाबंधन मनाया।



पानीपत। राखी बांधने पुलिस लाइन पहुंची भाजपा महिला मोर्चा की नेताओं का स्वागत करते पुलिस अधिकारी। फोटो: हरिभूमि



पानीपत। नन्हें बच्चे पौधों को राखी बांधते हुए। फोटो: हरिभूमि

### मिंटेज मोंटेसरी स्कूल में मनाया वृक्षाबंधन

**पानीपत।** मिंटेज मोंटेसरी स्कूल में आज वृक्षाबंधन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर नन्हें बच्चों ने पारंपरिक रक्षाबंधन को प्रकृति से जोड़ते हुए वृक्षों को राखी बाँधी और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। प्रधानाचार्या मनीषा खन्ना खुराना ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने कहा कि जैसे हम अपने भाई की रक्षा के लिए राखी बाँधते हैं, वैसे ही पेड़ों को राखी बांधकर हम यह संकल्प लेते हैं कि उनकी देखभाल करेंगे और उन्हें कटने से बचाएंगे।

## विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गाकर मेयर कोमल सैनी का स्वागत किया

# वृक्षारोपण कर मनाएं रक्षा बंधन का त्यौहार: सैनी

- शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ संवाद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

कल रक्षा बंधन का त्यौहार है इस दिन हर बहन अपने भाई को रक्षा सूत्र बांधकर उसकी दीर्घायु की कामना करती है एवं भाई अपनी बहन की रक्षा का संकल्प लेता है। हमारे जीवन के लिए हमारा पर्यावरण भी अति महत्वपूर्ण है इसका संरक्षण करना भी हमारा कर्तव्य है इसके लिए हम सभी को पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। ये शब्द मेयर कोमल सैनी ने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजाखेड़ी में छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए कही। वृक्षारोपण कर रक्षा बंधन का त्यौहार मनाए। रक्षा बंधन से पूर्व दिवस आज मेयर कोमल सैनी ने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजाखेड़ी में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ संवाद किया एवं उसके बाद पौधरोपण कर सभी से आग्रह किया कि सभी भाई अपनी बहनों के लिए एवं सभी बहनें अपने भाइयों के लिए एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें। वहीं प्रधानाचार्य सुमित्रा सांगवान ने विद्यालय प्रबंधन के साथ पुष्पगुच्छ देकर मेयर कोमल सैनी का स्वागत किया एवं विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गायकर स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षक संजीव शास्त्री व बोधराज श्योराणा आदि मौजूद रहे।



पानीपत। राजाखेड़ी के राजकीय स्कूल में पौधारोपण करते हुए मेयर कोमल सैनी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

# पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭इसराना

राजकीय महाविद्यालय इसराना में एक पेड़ माँ के नाम 2 वृक्षरोपण अभियान एनएसएस एनसीसी व इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में चलाया गया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि नवदीप नैन एसडीएम इसराना ने किया। एसडीएम नवदीप ने पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए इस प्रकार के अभियानों को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों से हमें स्वच्छ वायु, स्वच्छ वातावरण के साथ इमारती लकड़ी ओर औषधि भी मिलती है। एसडीएम नवदीप नैन ने किसानों से निवेदन किया कि वह अपने खेतों में बागवानी करें और ज्यादा से ज्यादा फलदार पेड़ लगा कर लाभ कमाये। देश के पीएम नरेन्द्र मोदी ने देश को हरा.भरा बनायें रखनें के लिए एक मुहिम चलाईं है एक पेड़ मां के नाम इसका सीधा.सीधा अर्थ है जिस तरह से मां आपको जन्म देती ओर उसके बाद आप का लालन.पालन करने आपकों कामयाब करती उसी तरह आप ने एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाना चाहिए ओर उसकी उसी तरह परवरिश करनी चाहिए। प्राचार्य डॉ.हरिओम ने पेडों को जीवन का आधार बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। इस अभियान के तहत आज 250 से अधिक पौधें लगाए गए। इस अवसर पर डा.सुनील कुमार, डा.मुकेश देशवाल,डा.बलिंद्र गुलिया,डा.प्रवीण कुमार, डा.ममता गुलिया,डा.संगीता जांगड़ा,डा.पूजा जागलान, डा.कुलवीर कादियान, महेन्द्र सिंह व वर्षा आदि उपस्थित रहे।




इसराना। पौधरोपण करते एसडीएम नवदीप नैन साथ हैं प्राचार्य डॉ.हरिओम। फोटो :हरिभूमि

